भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1222

उत्तर देने की तारीखः 25.11.2019

तेलंगाना में केवी और जेएनवी

†1222. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को तेलंगाना के महबूबनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नारायणपेट जिले या मकथल और कोडनगल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नए केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) खोलने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो आज की तिथि तक उक्त प्रस्ताव पर क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है;

(ग) क्या महबूबनगर में केवल एक केन्द्रीय विद्यालय संगठन है जो रक्षा कार्मिकों और विभिन्न समुदायों सहित स्थानीय केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की जरूरत पूरा करने में अपर्याप्त है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): नए केन्द्रीय विद्यालयों को खोलने हेतु प्रस्तावों पर तभी विचार किया जाता है जब वे भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासकों द्वारा प्रायोजित हों और इस प्रकार नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए संसाधनों और सरकार की आवश्यक संस्वीकृति की उपलब्धता के लिए प्रतिबद्ध हो। नए केन्द्रीय विद्यालयों को खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती रीति" के तहत अन्य प्रस्तावों से प्रतिस्पर्धा भी करनी होती है। केन्द्रीय विद्यालयों को खोलना एक सतत् प्रक्रिया है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि नारायणपेट जिले में अथवा मकथल में और महबूबनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, तेलंगाना में स्थित कोडनगल विधान सभा क्षेत्र में नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए तेलंगाना से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने का प्रावधान है। नए जवाहर नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकार द्वारा स्कूल भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि को निःशुल्क उपलब्ध कराने और विद्यालय को शुरू करने के लिए अपेक्षित अस्थायी आवास (निःशुल्क) उपलब्ध कराने की इच्छा पर निर्भर करती है। तथापि, जवाहर नवोदय विद्यालय की वास्तविक संस्वीकृति और उसे खोलना, निधियों की उपलब्धता और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है। 31 मई, 2014 की स्थिति के अनुसार, तमिलनाडु के अलावा जिसने अभी तक नवोदय विद्यालय योजना को स्वीकार नहीं किया है, देश के सभी जिलों में एक-एक जेएनवी संस्वीकृत किया गया है।

(ग) से (ड.): महबूबनगर में एक केन्द्रीय विद्यालय चल रहा है। यह विद्यालय रक्षा कार्मिकों सहित केन्द्र सरकार के स्थानीय कर्मचारियों के बच्चों की आवश्यकताओं की पर्याप्त पूर्ति कर रहा है।

*****